CBSE Class 12 Hindi Core 2012 - Set 2/1

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 3 Hours **Maximum Marks: 100**

General Instructions

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 14 मुख्य प्रश्न हैं।
(ii) उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखिए।
(iii) प्रत्येक प्रश्न के साथ दिए गए निर्देशों, आंतरिक विकल्पों तथा शब्द-सीमाओं का पालन कीजिए।
(iv) प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए अतिरिक्त 15 मिनट दिए गए हैं। इस अवधि में उत्तर न लिखें।

Section क

1(क). नीत्शे कौन था ? उसने क्या घोषणा की थी ?

1(ख). नीत्शे की घोषणा के पीछे क्या सोच थी ?

1(ग). धर्म के बारे में स्वामी विवेकानंद ने क्या विचार दिया ? इसका क्या आशय था ?

1(घ). पारंपरिक विचारों के अनुसार धार्मिक जीवन का उद्देश्य क्या माना गया था ?

1(ङ). 'दरिद्र-नारायण' से क्या आशय है ? इस शब्द से लोगों में क्या भावना जाग्रत हुई ?

1(च). स्वामी विवेकानंद ने किस बात पर बल दिया और क्यों ?

1(छ). आपसी भेदभाव मिटाने के लिए क्या किया जाना चाहिए ?

1(ज). उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए ।

1(झ). उपसर्ग और प्रत्यय अलग कीजिए — संचालित अथवा निर्धनता ।

1(ञ). सरल वाक्य में बदलिए : स्वामी जी ने माना कि ईश्वर सेवा का वास्तविक अर्थ ग़रीबों की सेवा है ।

2(क). आतंकी विस्फोटों के क्या-क्या परिणाम होते हैं ?

2(ख). आतंकवादियों को धरती के कौन-कौनसे रूप नहीं लुभाते ?

2(ग). आशय स्पष्ट कीजिए : तुम्हें पसंद थे भेड़िये । धीरे-धीरे जंगलाते आदमी ।

2(घ). 'अब भी समय है' कहकर कवि क्या अपेक्षा करता है ?

2(ङ). काव्यांश के आधार पर वसंत ऋतु के सौंदर्य का शब्द-चित्र अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए ।

Section ख

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : (क) भारत की युवा शक्ति (ख) संचार-क्रांति (ग) बाढ़ की विभीषिका (घ) वन रहेंगे : हम रहेंगे

4. अपने कार्यक्रमों के द्वारा अंधविश्वासों और रूढ़िवादी विचारधारा का प्रचार करने वाले 'क-ख-ग' चैनल के बारे में अपनी राय व्यक्त करते हुए किसी प्रतिष्ठित समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए । अथवा आपके गाँव से कस्बे तक की सड़क की दुर्दशा का वर्णन करते हुए अपने क्षेत्र के संसद्-सदस्य को पत्र लिखकर अनुरोध कीजिए कि अपनी क्षेत्रीय विकासनिधि से तात्कालिक मरम्मत करवाएँ और सरकार के लोकनिर्माण विभाग से कार्यवाही करने के लिए आवश्यक क़दम उठाएँ ।

5. "मैं रामलीला मैदान से लिख रहा हूँ" अथवा "अस्पताल के साधारण वार्ड से" विषय पर एक फ़ीचर का आलेख लिखिए ।

6(क)(i). संपादक के दो प्रमुख कार्यों का उल्लेख कीजिए ।

6(क)(ii). विशेष लेखन से आप क्या समझते हैं ?

6(क)(iii). मुद्रित माध्यम की एक विशेषता बताइए जो इलैक्ट्रॉनिक माध्यम में नहीं है ।

6(क)(iv). हिन्दी में प्रकाशित किन्हीं चार दैनिक समाचार-पत्रों के नाम लिखिए ।

6(क)(v). समाचार-लेखन के छह 'ककारों' का नामोल्लेख कीजिए ।

6(ख). 'विज्ञापनों की लुभावनी दुनिया' अथवा 'आँखों-देखी दुर्घटना' विषय पर एक आलेख लिखिए ।

Section ग

7(क). कवि ने क्या सहर्ष स्वीकारा है और क्यों ?

7(ख). 'ग़रीबी' के लिए प्रयुक्त विशेषण का भाव-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए ।

7(ग). कविता का 'तुम' (तुम्हें) कौन है ? आप ऐसा कैसे कह सकते हैं ?

7(घ). भावार्थ स्पष्ट कीजिए : पल-पल में जो कुछ भी जाग्रत है, अपलक है – संवेदन तुम्हारा है !

OR

7(क). दिन ढलते समय पक्षियों की द्रुत गति का कारण कवि क्या मानता है ?

7(ख). आदमी को घर लौटने की ख़ास जल्दी नहीं दिखाई पड़ती, क्यों ?

7(ग). बच्चों की 'प्रत्याशा' क्या हो सकती है ? उनकी व्याकुलता कैसे व्यक्त की गई है ?

7(घ). भाव स्पष्ट कीजिए : यह प्रश्न शिथिल करता पद को, भरता उर में विह्वलता है ।

8(क). 'उत्प्रेक्षा' अलंकार का सौंदर्य स्पष्ट कीजिए ।

8(ख). अनुप्रास अलंकार के दो उदाहरण चुनकर लिखिए ।

8(ग). काव्यांश में प्रयुक्त भाषा की दो विशेषताएँ बताइए ।

OR

8(क). उषा का जादू क्या है और क्यों टूट रहा है ?

8(ख). काव्यांश का बिंब स्पष्ट कीजिए ।

8(ग). काव्यांश की भाषा पर टिप्पणी कीजिए ।

9(क). 'बादल राग' कविता के आधार पर बादल के विप्लवकारी स्वरूप का चित्रण कीजिए ।

9(ख). 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में शारीरिक चुनौती झेलते अन्यथा सक्षम लोगों के प्रति कवि के रवैये पर टिप्पणी कीजिए ।

9(ग). 'बात सीधी थी पर' के आधार पर लिखिए कि भाषा को सहूलियत से बरतने से कवि का क्या आशय है ? ऐसा न करने पर क्या परिणाम होता है ?

10(क). भक्तिन कौन है ? उसका वास्तविक नाम क्या था ?

10(ख). महादेवी अपने और भक्तिन के सम्बन्धों को मालिक और नौकरानी का सम्बन्ध क्यों नहीं मानतीं ?

10(ग). महादेवी और भक्तिन के सम्बन्धों की तुलना किनसे की गई है और क्यों ?

10(घ). गद्यांश से भक्तिन के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का पता चलता है ?

OR

10(क). शिरीष की किस विशेषता के कारण लेखक को यह सब कहना पड़ा है ?

10(ख). मूर्ख किन्हें कहा गया है और क्यों ?

10(ग). महाकाल के सपासप कोड़े चलाने का क्या आशय है ? इसका क्या प्रभाव दिखाई देता है ?

10(घ). आशय स्पष्ट कीजिए : हिलते-डुलते रहो, स्थान बदलते रहो, आगे की ओर मुँह किए रहो तो कोड़े की मार से बच भी सकते हो । जमे कि मरे ।

11(क). चार्ली चैप्लिन के भारतीयकरण से क्या तात्पर्य है ?

11(ख). इंदर सेना के बारे में लेखक और जीजी की राय में क्या अंतर था ? आप किसके विचारों से सहमत हैं ?

11(ग). भीमराव आंबेडकर के मत में दासता की व्यापक परिभाषा क्या है ?

11(घ). नमक की पुड़िया को लेकर सफ़िया के मन में क्या द्वंद्व था ? सफ़िया के भाई ने नमक ले जाने के लिए मना क्यों कर दिया था ?

11(ङ). 'बाज़ार' का जादू क्या है ? जादू चढ़ने-उतरने का ग्राहक पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

12(क). अपने निवास के पास पहुँचकर वाई.डी. पंत को क्यों लगा कि वे किसी ग़लत जगह पर आ गए हैं ? वे घर न जाकर अँधेरे में ही क्यों दुबके रहे ?

12(ख). 'जूझ' कहानी के लेखक की रुचि काव्य-रचना की ओर जगाने में उसके अध्यापक के योगदान पर टिप्पणी कीजिए ।

12(ग). "सिंधु-सभ्यता की खूबी उसका सौंदर्यबोध है, जो राज-पोषित या धर्म-पोषित न होकर समाज-पोषित था ।" 'अतीत में दबे पाँव' के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए ।

13(क). 'मुअनजो-दड़ो' कहाँ है और क्यों प्रसिद्ध है ?

13(ख). ड्रेसिंग गाउन पहनते समय यशोधर बाबू को भूषण की बात क्यों चुभ गई ? 'सिल्वर वेडिंग' के आधार पर उत्तर दीजिए ।

13(ग). 'किट्टी की डायरी' को ऐतिहासिक दस्तावेज़ क्यों माना जाता है ?

14. सेक्शन आफ़िसर के रूप में वाई.डी. पंत के व्यक्तित्व और व्यवहार पर सोदाहरण प्रकाश डालिए ।

OR

14. "टूटे-फूटे खंडहर सभ्यता और संस्कृति के इतिहास के साथ-साथ धड़कती ज़िंदगी के अनछुए समयों का दस्तावेज़ भी होते हैं ।" 'अतीत में दबे पाँव' के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए ।

- End of Question Paper -